**डॉ० बी० राजेन्दर, अपर मुख्य सचिव, खेल विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में दिनांक–13.08.2025 (बुधवार) को मध्याह्न 12:00 बजे बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर की सम्पन्न बैठक की कार्यवाही**

---

उपस्थिति–

1. श्री महेन्द्र कुमार, निदेशक, खेल विभाग, बिहार, पटना।
2. श्री रजनीकांत, कुलसचिव, बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर।
3. श्री निरंजन कुमार, संयुक्त सचिव, खेल विभाग।
4. श्रीमती नूपुर झा, उप निदेशक, खेल विभाग।
5. श्री सिद्धांत कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी, खेल विभाग।
6. श्री संजीव कुमार, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी, खेल विभाग।

कार्यवाही

सर्वप्रथम अपर मुख्य सचिव द्वारा कुलसचिव से बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर के लंबित मामलों के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तदोपरान्त निम्नलिखित कार्रवाई अभिलिखित की गई।

**1. पाठ्यक्रम शुल्क एवं अन्य व्यय**

कुलसचिव द्वारा बताया गया कि बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर के सत्र 2025–26 से खेल प्रशिक्षण में स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में शैक्षणिक सत्र 2025–26 में नामांकित होने वाले छात्रों के लिये विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम शुल्क एवं अन्य व्यय को प्रायोजित करने पर विभागीय सहमति का अनुरोध किया गया है।

अपर मुख्य सचिव द्वारा खिलाड़ी कल्याण कोष योजनान्तर्गत नियमानुसार अविलम्ब कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।

**2. संविधि के संबंध में**

कुलसचिव द्वारा बताया गया कि वित्त विभाग, बिहार, पटना के द्वारा की गई पृच्छाओं का निराकरण कर संविधि का प्रारूप पुनः खेल विभाग को अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु शीघ्र उपलब्ध करा दी जायेगी।

उपर्युक्त के संबंध में अपर मुख्य सचिव द्वारा सचिव, वित्त विभाग से वार्ता की गयी। निदेशित किया गया कि कुलसचिव एवं संयुक्त सचिव वित्त विभाग से समन्वय कर अग्रेत्तर कार्रवाई करेंगे।

**3. कुलसचिव, बिहार खेल विश्वविद्यालय** द्वारा बिजली उपकरण इत्यादि के रख–रखाव हेतु एजेंसी रखने का अनुरोध किया गया।

अपर मुख्य सचिव द्वारा बताया गया कि उक्त से संबंधित निविदा का प्रकाशन किया जा रहा है।

**4. विश्वविद्यालय के भवन एवं छात्रावास के निर्माण के संबंध में।**

कुलसचिव द्वारा बताया गया कि विश्वविद्यालय के लिए भवन निर्माण, बालक/बालिकाओं का हॉस्टल निर्माण, एकेडमी भवन, स्टाफ क्वार्टर निर्माण एवं अन्य निर्माण हेतु 10 एकड जमीन उपलब्धता के संबंध में भवदीय को अवगत कराया गया।

उपर्युक्त के संबंध में अपर मुख्य सचिव द्वारा कुलसचिव को स्पष्ट संकल्पना आवश्यकतानुसार तैयार करने का निदेश दिया गया तदोपरान्त अग्रेत्तर कार्रवाई हेतु भवन निर्माण निगम लि0, पटना एवं राशि की उपलब्धता द्वितीय अनुपूरक आगणन से प्राप्त किया जा सके।

**अगली बैठक दिनांक–03.09.2025 (बुधवार) मध्याह्न 12.00 बजे निर्धारित की जाती है।**

अंत में धन्यवाद के साथ बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

Rajender 19.8.2025

**(डॉ० बी० राजेन्दर)**
**अपर मुख्य सचिव।**

ज्ञापांक–...3586 पटना, दिनांक–19...8/2025

प्रतिलिपिः– निदेशक, खेल विभाग, बिहार, पटना/ कुलसचिव, बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर/ सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/सचिव, भवन निर्माण निगम लि0, बिहार, पटना/संयुक्त सचिव, खेल विभाग/सहायक निदेशक, राज्य खेल अकादमी, राजगीर/सहायक निदेशक (युवा)/संबंधित प्रशाखा पदाधिकारी, खेल विभाग, बिहार, पटना एवं आई0टी0 मैनेजर, खेल विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ।

Rajender 19.8.2025

**अपर मुख्य सचिव।**